उमड़ा हिंदू जन सैलाब, अद्भुत और ऐतिहासिक शोभायात्रा और विराट मातृशक्ति ने मंगल कलशों के साथ नया इतिहास रचा

कोटा, (निसं)। सर्व हिंदू समाज के आव्हान और हिंदू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित हिंदू नववर्ष शोभायात्रा, कलश यात्रा में विशाल जनसमूह की भागेदारी से जहां कार्यक्रम इतिहास बना गया वहीं हिंदू दशहरा मैदान रंगमंच खचाखच भरा था। यही स्थिति श्रीनाथपुरम स्टेडियम में अपार धर्मप्रेमी बंधु मौजूद रहे, लोगों को स्टेडियम के बाहर सड़कों तक पर खड़े होकर संतों की धर्म प्रेरणा ग्रहण करनी पड़ी। हिंदू नवसँवतसर अपने ऐतिहासिक सफलता से कई कई वर्षों तक स्मृति में रहेगा। जब शोभायात्रा तीन बत्ती चौराहा पार कर रहा था, तब भी दशहरा मैदान में बड़ी संख्या लोग प्रतीक्षा कर रहे थे। कोटा में दिन में आयोजित होने वाले जलूस शोभायात्रा में अभी तक का यह सबसे बड़ा आयोजन रहा।

कोटा में नव संवत्सर के अवसर पर विशाल धर्मसभा का आयोजन हुआ।

मातृशक्ति उल्लास उत्साह और प्रफुलता के साथ जिस जोश के साथ सम्मिलित हुआ, वह देखते हीं बन रहा था। डीजे पर जो उत्साह मातृशक्ति का अत्यंत दर्शनीय रहा। दशहरा मैदान में 51 हजार कलशों के वितरण के लक्ष्य से अधिक वितरण के बाद कलश कम पड़े, जिससे बड़ी संख्या में महिलाओं को निराशा भी हुई।

समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल एवं महामंत्री छगन माहुर नें दावा किया है कि शोभायात्रा में सवा से डेढ़ लाख जनसमूह की सहभागिता रही हैं। जिसमें मातृशक्ति की संख्या अद्भुत रही लगभग 80 से 90 हजार मातृशक्ति होनें की संभावना है। शोभायात्रा में कोटा शहर के सभी 12 नगरों की 500 से अधिक बस्तीयों से मातृशक्ति एवं युवा शक्ति झाँकियों और डीजे के साथ नाचते हुये थिरकते हुये सम्मिलित हुये। घोड़ों पर अखाड़ों के उस्ताद मौजूद रहे। हजारों की संख्या में हिंदू शस्त्रवाहनी के युवक सशस्त्र सम्मिलित हुये। वहीं सहरिया कार्यक्रम, कालवेलिया नृत्य श्रीनाथपुरम स्टेडियम संपन्न हुई हिंदू धर्म सभा में मंचस्थ रहे उत्तम स्वामी महाराज का स्वागत बाल्मीकी के समाज के स्वामी रामप्रसाद महाराज एन धर्मपत्नी शांता देवी सहित सपत्निक अभिनंदन किया, वहीं साध्वी सत्यप्रिया गिरी दीदी का स्वागत घूमन्तु समाज के गड़रिया लौहार देवीलाल और उनकी पत्नी दूना बाई ने सपत्निक अभिनंदन किया।

धर्मसभा के मुख्य वक्ता महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज ने कहा कि 'कुंभ का प्रतिबिंब आज कोटा में हिंदू शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा में देखने को मिला है।' उन्होंने कहा कि संपूर्ण विश्व ही सनातन है, 800 करोड़ विश्व के लोगों के डीएनए टेस्ट किया जाए तो वे सभी सनातनी ही निकलेंगे। 5000 साल पहले सभी के पुरखों के नाम राम-श्याम सहित सनातनी मिलेंगे। उन्होंने कहा पूरे विश्व को एक दिन सनातन की शरण में हीं आना पड़ेगा।

स्वामी ने कहा की 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सनातन का संरक्षक है मातृसंस्था हैं, और प्रचारक राष्ट्र चिंतन में निरंतर रत रहने वाले संत हैं। हिंदुत्व का जागरण संघ के अथक परिश्रम से हीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सनातन में ही यह शक्ति है कि वह आगे भी विश्व को समस्या से मुक्त करके सदाचरण का जीवन देने का सामर्थ्य रखती है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक हिंदू का 365 दिन में से 65 दिन हिंदू समाज के लिए देना चाहिए, देश के लिए देना चाहिऐं। स्वामी ने कहा कि अब जनसंख्या असंतुलन बड़ी समस्या है और उसका मुकाबला करने के लिए समाज हित में प्रत्येक हिंदू को अधिक संताने उत्पन्न करना चाहिऐं। स्वामी ने कहा कि हिंदू समाज के लोग अपनी संतानों को शौर्यवान बनाएं, अपनी रक्षा में समर्थ बनाएं, जिससे संस्कृति और सभ्यता की रक्षा होगी।

उत्तम स्वामी ने कहा कि बच्चों को राम नाम की माला दें और हनुमान चालीसा पढ़ाएंगे ताकी वे अपने संस्कारों से जुड़ें। उन्होंने कहा कि संतानों को माल भले ही दे लेकिन साथ में माला भी दे ताकि वे अपनी संस्कृति और सभ्यता से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि सनातन जागृत हो रहा है आने वाले समय में सनातन के वट वृक्ष के नीचे संपूर्ण विश्व होगा

धर्मसभा को संबोधित करते हुये साध्वी सत्यप्रिया गिरी नें कहा 'हिंदू समाज को अपनी आत्मरक्षा स्वयं करनी होगी। प्रत्येक व्यक्ति को योद्धा बनना होगा। उन्होंने कहा हमारे सभी देवी-देवता शस्त्रधारी हैं, दुष्ट-दमन करना हमारी संस्कृति है। हमें जागना होगा और अपनी संस्कृति की रक्षा का कर्तव्य निर्वहन करना हैं।

मंच संचालन डा. बाबूलाल भाट नें किया। और धन्यवाद अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल ने दिया। इस अवसर पर मंच पर संतों में प्रमुख रूप से महामण्डलेश्वर गोविन्द दास महाराज, महामंडलेश्वर लक्ष्मण दास महाराज, महंत रंजीतदास, संत प्रभाकर दास, महंत मनोरथ दास, महंत गोपालदास, मां नीति अंम्बाजी, महंत शिवदास, महंत तुलसीदास महंत विष्णुदास, महंत लक्ष्मण दास, महंत जगदीशनंद, महंत कल्याणदास, महंत रामदास, महंत जगदीश दास, महंत विज्येश्वर, महंत चतुरभुज गिरी, महंत बालकदास, महंत बजरंगदास, साध्वी मधु सहित करीब 25 से अधिक संत मंचस्थ रहे।

समाजसेवी अजय सिंह, आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल, समाजसेवी ताराचंद गोयल, समाजसेवी नरेन्द्र कंसुरिया, समाजसेवी पन्नालाल शर्मा, समाजसेवी गोपाल लाल गर्ग, समाजसेवी श्याम बिहारी नागर, संचालन समिति के महामंत्री छगन माहुर मौजूद रहे।

समिति के मीडिया संयोजक अरविन्द सिसोदिया नें बताया कि शोभायात्रा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, पूर्व सांसद इज्यराज सिंह, विधायक कल्पना देवी सहित शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की।

समिति के शोभायात्रा संयोजक सत्यनारायण श्रीवास्तव, डॉ.बाबूलाल भाट, रौनक आनंद, लोकेन्द्र सिंह राजावत, मेला संयोजक किशन पाठक, हिन्दू शस्त्रवाहनी संयोजक नंदकिशोर

■ **संतों ने प्रेरणा हिंदू एकता से हिंदू दिव्यता दी**

मीणा सहित उपाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह हाड़ा, कुलदीप माथुर, आनंदस्वरूप राठी , विकास शर्मा, बी एल पचेरवाल, संदीप चाँदीवाला, जितेंद्र गोयल, गिरधर पंजवानी, सुनीता व्यास, गिरजा सुमन, नीलप्रभा नाहर, रेणु मिश्रा, रीना शुक्ल, स्वेता जैन एवं अनुसूईया गोस्वामी, मंत्री अनिल जैन, रवि विजय तथा कोषाध्यक्ष रामकुमार मेहता, सह कोषाध्यक्ष अरविन्द गोयल, महेश विजय, पंकज मेहता, मुकेश विजय प्रचार-प्रसार समिति के अरविन्द सिसोदिया एवं अनिल तिवारी, रजनीश राणा, हुकूमत सिंह झाला मौजूद रहे।

वहीं बारह नगरीय आयोजन समितियों के गणेश नगर संयोजक राजेंद्र खंडेलवाल, सह संयोजक मुकेश जोशी, सुभाष अग्रवाल, हेमसिंह हाडा, विवेकानंद नगर में संयोजक चंद्र प्रकाश नगर सहसंयोजक राजेंद्र मेहरा, महावीर नागर, सतीश गुप्ता, चाणक्य नगर में पालक विकास शर्मा, संयोजक लहरी शंकर गौतम, सहसंयोजक देबू राही, मुकेश नारायण मेघवाल, अनिल ठोरा, विश्वकर्मा नगर में संयोजक हरगोविंद विजय, सह-संयोजक रामलाल टटवाड़िया, वीरेंद्र सिंह भानावत, हेमंत जैन और अश्वनी मालवा, प्रताप नगर में पालक रवि विजय, संयोजक राजेंद्र जैन, सहसंयोजक विकास पचवारिया, अनिल महेश्वरी, दीनदयाल नगर में पालक मनोजपुरी, संयोजक युधिष्ठर खटाना, सहसंयोजक प्रदीप लोहमी, अवधेश अजमेरा और अनिल जैन, सूरज नगर में पालक रौनक आनंद संयोजक नाथूलाल पहलवान, सहसंयोजक संजय श्रृंगी, ओम कश्यप, कैलाश जैन, अंबेडकर नगर में पालक सत्यप्रकाश शर्मा बालिता, संयोजक महावीर सुवलका, सहसंयोजक बृजमोहन राठौर, वीरेंद्र, शिवाजी नगर में पालक हेमंत विजय, संयोजक अजयपाल शर्मा, सहसंयोजक गुरमीत सिंह रंधावा, रामबाबू मालवा, जितेंद्र सिंह राजावत, मंगेश कुमावत, गायत्री नगर में पालक अतिश सक्सेना संयोजक महावीर नायक, सहसंयोजक मनोज मीणा, नरेन्द्र अग्रवाल, मनोज गोस्वामी, राजू सुमन, संभाजी नगर में पालक लव शर्मा, संयोजक विजय सिंह, सहसंयोजक पवन भटनागर, रोहित चंदेल, महेंद्र सिंह निर्भय, तानाजी नगर में पालक राकेश मिश्रा, संयोजक देवेंद्र त्रिपाठी, सहसंयोजक निखिल, महेंद्र नागर, धनराज नागर, संजय बाबा, अशोक यादव मौजूद रहे। इसी प्रकार से मातृशक्ति में गणेश नगर संयोजका रेणु शर्मा, विवेकानंद नगर संयोजका गिरजा सुमन, चाणक्य नगर संयोजिका सपना रुमटा, विश्वकर्मा नगर से मधु गोयल, आशा मीणा, रेखा खेलवाल, प्रताप नगर से शशि मित्तल, कविता पचवारिया, रेणु मिश्र, विजयलक्ष्मी गौतम, दीनदयाल नगर से पूनम जैन, सूरज नगर से सुनीता व्यास, रीना शुक्ला, सोनल गोयल, अंबेडकर नगर मधुलता भास्कर, शिवाजी नगर से स्नेहलता मालव, करुणा शर्मा, अंजना सिंह, उमा शर्मा, गायत्री नगर से चेतना मोरवाल, सुनीता सामरिया, तानाजी नगर से सरोज सेन, शंभाजी नगर से आशा त्रिवेदी के नेतृत्व में मातृशक्ति सम्मिलित हुई।

युवा टोली के गणेश नगर संयोजक रवि गुर्जर, सह संयोजक नितिन धारवाल। विवेकानंद नगर संयोजक गजराज सिंह, सहसंयोजक गर्वित मित्तल। चाणक्य नगर संयोजक सुदर्शन गौत्तम, सहसंयोजक कुशाल राज। विश्वकर्मा नगर संयोजक विशाल वैष्णव, सहसंयोजक सुरजीत, प्रताप नगर संयोजक राहुल सीकरवार, सहसंयोजक शिवि कुमार भड़क, विश्ववृत श्रृंगी, दीनदयाल नगर कुश कुमार पटोना सहसंयोजक कुणाल मीणा। सूरज नगर-संयोजक रवि डाबर सहसंयोजक नरेन्द्र मेघवाल, अम्बेडकर नगर संयोजक विक्रम सिंह, सहसंयोजक मेघराज मीणा, शिवाजी नगर, संयोजक जयेश शर्मा, सहसंयोजक अनूप झावा, गायत्री नगर संयोजक मनीष सामरिया, सहसंयोजक रोहित चौधरी, प्रमोद यादव, तानाजी नगर संयोजक योगेश नागर, सहसंयोजक निखिल सिंह, पुलकित मेघवाल, सम्भाजी नगर संयोजक उदय गुर्जर सहसंयोजक संदीप नायक आदि मौजूद रहे।

चिकित्सक-नर्सिंग कर्मियों ने ज्ञापन सौंपे

भवानीमंडी, (निसं)। राजकीय कमरुद्दीन चिकित्सालय में शनिवार को सामान्य प्रसव के बाद प्रसूता की अचानक हुई मौत के बाद परिजनों द्वारा किये गये हंगामे व तोड़फोड़ के मामले को लेकर चिकित्सक-नर्सिंगकर्मियों ने उपखण्ड अधिकारी श्रद्धा गोमे, पुलिस उपअधीक्षक प्रेमकुमार चौधरी को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि शनिवार को 2 सामान्य प्रसव के पश्चात 1 प्रसुता का अचानक रक्तचाप बढ़ जाने पर उसकी ईलाज के दौरान आकस्मिक मृत्यु हो गयी जिसके बाद मृतका के परिजनों ने हंगामा एवं तोड़फोड़ की जिससे अन्य प्रसूता भी घबरा गयी एवं अचानक सदमे में चली गयी जिनको बचाने का पूरा प्रयास किया गया दोनों प्रसुताओं का पूर्व 9 महीने में किसी भी महिला चिकित्सक द्वारा ईलाज नही किया गया। जिससे महिला चिकित्सक को महिला के पूर्व की किसी भी प्रकार की हृदय संबंधित गंभीर बीमारी का पता नहीं था फिर भी महिला चिकित्सक द्वारा महिला का सफलतापूर्वक सामान्य प्रसव कराया गया जिसके 2 घंटे पश्चात् महिला को हृदयघात जैसी स्थिति होने से उसकी मृत्यु हो गयी इसके पश्चात् असामाजिक तत्वों एवं मृतका के परिजनों द्वारा महिला चिकित्सक एवं लेबर रूम के कर्मचारियों के साथ मारपीट एवं दुर्व्यवहार गाली-गलौच की गयी तथा एएनएम कविता माली के साथ भी मारपीट की गयी तथा सभी को जान से मारने के धमकी दी गयी। साथ ही लेबर रूम में तोड़फोड़ करते हुए कांच का दरवाजा एवं अन्य उपकरणों को भी तोड़ा गया। इसी के साथ ही राजकीय रिकॉर्ड को भी फैंका गया। इस सम्पूर्ण घटना के पश्चात् सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त कर्मचारी भयभीत हैं, तथा इस तोड़फोड़ से प्रसव संबंधित समस्त कार्य भी संभव नहीं हो पा रहा है।

समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारियों को उचित सुरक्षा प्रदान की जाये जिससे की चिकित्सा सुविधायें बाधित नहीं हो एवं तोड़फोड़ करने वाले असामाजिक तत्वों एवं मृतका के परिजनों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायें। इस तरह की घटना पुनरावृति होने पर मजबूरन समस्त चिकित्सक एवं कर्मचारी द्वारा चिकित्सा कार्य बंद कर दिया जायेगा।

सार-समाचार

आकाश इंस्टीट्यूट में माता के जयकारे गूंजे

कोटा, (निसं)। आकाश इंस्टीट्यूट में रविवार को चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ शुभ स्थापना हुई। भारतीय नूतन वर्ष विक्रम संवत् 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के पावन अवसर पर विधि विधानपूर्वक घट स्थापना, हवन पूजन किया गया। अकादमिक कांउसिल के सदस्यों ने नवरात्रि के आध्यतमिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक व वैज्ञानिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। आकाश संस्थान हमेशा से शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में भी अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। आरती, हवन, जयकारे से छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ।

शक्ति की भक्ति का पर्व शुरू

छबड़ा (निसं)। शक्ति की भक्ति का नो दिवसीय पर्व चैत्रीय नवरात्र रविवार से प्रारंभ हो गया है। घर और मंदिरों में घटस्थापना के साथ ही मां आदिशक्ति की भक्ति में श्रद्धालु डूब गए। चैत्रीय नवरात्रा प्रारंभ होते ही जहां लोगों ने घरों में पूजा अर्चना की, वहीं क्षेत्र के गांव गुगोर में स्थित बीजासन माता मंदिर पर श्रद्धालुओ का तांता लगा रहा। रविवार से शुरू हुए चैत्रीय नवरात्रा पर श्रद्धानुसार जहां घटस्थापना के साथ भक्तों द्वारा मां की उपासना शुरू की गई। वहीं मंदिरों पर सुबह से शुरू हुई शक्ति स्वरूपा की उपासना का दौर देर रात तक चलता रहा और भक्तों की आवाजाही बनी रही तथा गांव गुगोर में स्थित बीजासन माता मंदिर पर सुबह से ही कतारे लगने शुरू हो गई, यहां भक्तों को माता के दर्शन के लिए काफी इंतजार करना पड़ा। यहां श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी, श्रीफल, फल-फूल आदि पूजा-अर्चना की सामग्री अर्पित कर मन्नते मांगी। इसके साथ ही मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ, अखंड सुंदरकांड पाठ आदि भी प्रारंभ हो गए है। वही, भक्त निराहार उपवास रहकर शक्ति की भक्ति में जुट गए है।

क्षत्र चूड़ामणि नाटक का मंचन आज

कोटा, (निसं)। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन प्रसंग पर इस वर्ष सीमंधर जिनालय इंद्रविहार में जैन समाज की सम्यक महिला मंडल द्वारा 31 मार्च को दोपहर 1:30 बजे से भव्य धार्मिक व आध्यात्मिक नाटिका 'क्षत्र चूड़ामणि' का मंचन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष आभा जैन ने बताया कि यह शैक्षणिक प्रेरक नाटिका जीवनधर स्वामी के जीवन पर आधारित है जिसमें उनके जीवन में कर्मोदय की विचित्र लीला का चित्रण दर्शाया जायेगा। मंडल सचिव मधु पाटनी ने बताया कि महिला मंडल प्रतिवर्ष सभी तीर्थकरों के जन्म कल्याणकों पर प्रभावना के कार्यक्रम आयोजित करता है। इस श्रृंखला में इसका प्रभावी मंचन मंडल की सदस्य महिलाओं द्वारा पारंपरिक ढंग से किया जाएगा। अध्यक्ष आभा जैन ने शहर की नारी शक्ति से अधिक से अधिक में भाग लेने की अपील की है।

भाजपा ने सुनी मन की बात

कोटा, (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन मन की बात कार्यक्रम जिला संयोजक देवेन्द्र राही व सहसंयोजक कुलदीप सिंह तलवार के आह्वान पर भाजपा कोटा शहर ने बूथ स्तर पर मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। केशवपुरा मंडल में कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष राकेश जैन के विशिष्ट अतिथ्य में मन की बात कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि मोदीजी ऐसे पहले प्रधानमंत्री है जो मन की बात कार्यक्रम के तहत उनके विचार देशवासियों के साथ साझा करते हैं। हम सभी को हर महीने मन की बात कार्यक्रम जरूर सुनना चाहिये। जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मोदी देश की प्रतिभाओं से पूरे देश को अवगत करवाते हैं। हमारा देश प्रतिभाओं से भरा हुआ है। इससे उनका मनोबल बढ़ता है।

दायीं मुख्य नहर में युवक का शव मिला

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके की दायीं मुख्य नहर में रविवार को एक युवक का शव तैरता हुआ मिला। नहर में शव पड़े होने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मौके पर नगर निगम गौताखोर टीम को बुलाकर शव को बाहर निकलवाया गया। नगर निगम के गौताखोर चंगेज खान ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि कंसुआ के आगे दायीं मुख्य नहर में एक व्यक्ति का शव नजर आ रहा है। सूचना पर टीम लेकर मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को नहर से बाहर निकाला और पुलिस को सौंप दिया। गौताखोर चंगेज खान ने बताया कि मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और मृतक की पहचान थेकडा रायपुरा निवासी दीपक (55) के रूप में की।

डोडा-चूरा सहित महिला गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पाली थाना पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 964 ग्राम अफीम डोडा-चूरा बरामद किया। पाली थानाधिकारी विष्णु प्रसाद पंकज ने बताया कि घाटाखेडी-सेमला रोड पर की गई नाकाबंदी के दौरान जाहिदा बानो (55) उर्फ बानो पत्नी निसार खां निवासी घाटाखेडी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 964 ग्राम अफीम डोडा-चूरा बरामद किया। कार्रवाई में विक्रमसिंह, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार, विनोद कुमार, भरतसिंह, सुमन, लोकेश आदि मौजूद रहे।

महर्षि गौतम जयंती पर 1008 दियों से महाआरती की

कोटा, (निसं)। भगवान श्री महर्षि गौतम जयंती पर महर्षि गौतम चौराहे पर 1008 दियों से महाआरती का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

महर्षि गौतम प्रगतिशील मंच के अध्यक्ष मोहित गौतम ने बताया की भगवान महर्षि गौतम के प्राकट्य महोत्सव के उपलक्ष में आज महावीर नगर विस्तार योजना स्थित महर्षि गौतम चौराहे पर भगवान महर्षि गौतम की 1008 दीपो से सैकड़ों समाजबंधुओं की उपस्थिति में विशाल भव्य महाआरती आतिशबाजी के साथ की गई। कार्यक्रम में भगवान महर्षि गौतम की भव्य झांकी के दर्शन व कलाकारों ने राधा-कृष्ण की रासलीला, राम दरबार व हनुमान की झांकी के दर्शन करा कर भक्तिमय माहौल पैदा कर दिया। महाआरती के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। महामंत्री सत्यप्रकाश गौतम ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस महासचिव राखी गौतम, कार्यक्रम की अध्यक्षता शैक्षणिक ट्रस्ट

■ **कोटा में श्री महर्षि गौतम जयन्ती पर महाआरती का आयोजन हुआ**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कुंजबिहारी गौतम, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव जितेंद्र गौतम, संभागीय अध्यक्ष आर.के. शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पार्षद शालिनी गौतम, पार्षद बालचंद शर्मा, पार्षद अनुराग गौतम, जिला महामंत्री प्रवीण पंचोली, युवक संघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हर्षित गौतम एडवोकेट, युवक संघ प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गौतम, आरसी गौतम, पत्रकार रमेश गौतम, हेमंत शर्मा, कौशल गौतम, पदम गौतम, बाबूलाल गौतम, के बी गौतम, लोकेश गौतम, विजय गौतम, बी.डी. शर्मा, गजानंद गौतम, छीतर लाल गौतम, रामेश्वर गौतम, हनुमान गौतम आदि समाजबंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महर्षि गौतम प्रगतिशील मंच के कोषाध्यक्ष भवानीशंकर गौतम ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आयोजन समिति महर्षि गौतम प्रगतिशील मंच के पूर्व अध्यक्ष टीकम चंद पंचोली, पूर्व अध्यक्ष सतीश गौतम, पूर्व महामंत्री लोकेश शर्मा, श्याम सुंदर गौतम, श्याम बिहारी शर्मा, अक्षय कुमार गौतम, नरेश गौतम मुख्य रूप से मौजूद रहे। महाआरती का संचालन महेश कुमार गौतम व डॉक्टर घनश्याम गौतम ने मंत्रो चार के साथ किया।

श्री महर्षि गौतम जयंती मनाई

रावतभाटा, (निसं)। श्री महर्षि गौतम जयंती समारोह धुमधाम से मनाया गया। गौतम जयंती की पूर्व संध्या पर भगवान खाटूश्याम जी की भजन संध्या हुई, जिसमे अंतरराष्ट्रीय भजन गायक अनुराग मित्तल, कुमार अनु के भजनो पर भक्तगण देर रात्रि 2 बजे तक नाचते रहे। कार्यक्रमो मे बेंड बाजो के साथ भगवान महर्षि गौतम जी की कलश यात्रा गौतम आश्रम से मानव मंदिर और नया बाजार होते हुए गौतम आश्रम तक पहुंची।

घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र का आगाज

बून्दी (निसं)। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर एक ओर जहां नव संवत्सर पर नवोदित सूर्य को अर्घ्य देकर तिलक लगाकर आमजन का अभिनंदन किया गया, वहीं दूसरी ओर मंदिरों और घरों में अभिजीत मुहूर्त में घट स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि की शक्ति की भक्ति के अनुष्ठान प्रारंभ हुए। नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार को शहर के माताजी व हनुमान मंदिरों पर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर दर्शन किए। इस अवसर पर मंदिरों में रामायण पाठ भी शुरू हुए। चैत्र नवरात्र के अवसर पर मोती महल रावले में स्थित आशापुरा माता व महासती की विधिवत पूजा अर्चना कर महाराव राजा वंशवर्धन सिंह ने कर के बूंदी जिले की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। मोती महल मे आशापुरा माता जी मंदिर का निर्माण 1626 ईस्वीं में राव रतन सिंह ने करवाया था तथा मूर्ति की स्थापना 1627 ईस्वी में हुई थी। ।इस पावन अवसर पर इन्होंने सथूर स्थित बून्दी राजवंश की इष्ट देवी रक्तदंतिका माताजी के दर्शन व उपासना कर आशीर्वाद लिया। बालचंद पाडा स्थित सिद्ध पीठ बिजासन माता मंदिर में नवरात्र स्थापना के अवसर पर विधि विधान से घट स्थापना की गई। दोपहर में सैकड़ो श्रद्धालुओ की मौजूदगी में विधि-विधान से माता जी का कलश स्थापित कर माता बिजासन का भव्य श्रृंगार किया गया। नवरात्रि के 9 दिन माता जी की प्रतिमा और मंदिर का अलग-अलग तरीके से मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह शाम महा आरती की जाएगी।

शनिवार को पंचमी के अवसर पर माता जी के मंदिर में रात्रि जागरण की आयोजित किया जाएगा। शहर के आजाद पार्क स्थित हंसा माता मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर घट स्थापना की गई। इस दौरान माताजी के जयकारों की गूंज होती रही। इसी तरह श्री माता वैष्णो देवी मंदिर खोजा गेट मंदिर परिसर में घट स्थापना एवं जोत प्रज्जवलन का कार्य पंडित संदीप चतुर्वेदी द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करके किया गया।

उत्साह, उमंग के साथ हिंदू नववर्ष की शोभायात्रा निकली

छबड़ा (निसं)। नववर्ष के पावन पर्व पर नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई भव्य शोभायात्रा से पूरा शहर धार्मिकमय हो गया। विभिन्न स्थानो पर संगठनो द्वारा आतिशबाजी व पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत सम्मान किया। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड व डीजे देशभक्ति व भजनो की स्वर लहरियां बिखराता चल रहा था। बडी संख्या में शामिल युवाओं के जोशीले देशभक्ति के नारों से पूरा शहर भगवामय हो गया।

नववर्ष स्वागत समिति के संयोजक हितेन सोनी ने बताया कि शोभायात्रा रविवार को दोपहर दो बजे नदी दरवाजे से प्रारंभ हु । शोभायात्रा में डीजे पर युवा एवं महिलाएं भक्तिमय संगीत पर थिरकते हुए नववर्ष का जश्न मना रहे थे। षोभायात्रा में महाराणा प्रताप, राम दरबार, झांसी की रानी, षिव अघोरी, नृत्य आदि की झांकियां षामिल हुई। यहां सहरिया स्वांग, विषालकाल भालू, ढ़ोल-ताषे, विषालकाय नंदी आदि आकर्शण के केंद्र रहे। यहां अखाड़ेबाजो ने हैरतअंगेज करतबो से सभी को रोमांचित कर दिया। यहां ढ़ोल ताषे पर युवा जमकर थिरकते नजर आए। नदी दरवाजे से प्रारंभ शोभायात्रा अलीगंज बाजार, लोठाभैरू, आजाद सर्किल, धरनावदा चौराहा पहुंची, यहां महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया। मार्ग में विभिन्न संगठनो द्वारा पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। युवाओं के सहयोग से शोभायात्रा की बानगी देखते ही बनती थी। नववर्ष के स्वागत में पूरे नगर में प्रतिष्ठानों व घर-घर केसरिया ध्वज लहरा रहे थे। जिससे पूरा नगर भगवामय दिखा पड़ रहा था। युवा केसरिया साफा बांधकर जोशीले नारे लगा रहे थे। शोभायात्रा को देखने के लिए सडक के दोनों ओर काफी संख्या में लोग जुटे हुए थे। यहां डीएसपी विकास कुमार के नेतृत्व में बडी संख्या में तैनात पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था में जुटा रहा।

भाजपा नेता इंद्रमोहन सिंह हनी ने की रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भेंट

कोटा, (निसं)। महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड राजस्थान के अध्यक्ष व भाजपा नेता इंद्र मोहन सिंह हनी ने दिल्ली प्रवास के दौरान देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके दिल्ली स्थित आवास 17 अकबर रोड पर शिष्टाचार भेंट करी और पूर्व सैनिकों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की।

महाराज माधवराव सिंधिया वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष इंद्र मोहन सिंह हनी एडवोकेट ने पूर्व शहीद सैनिकों के परिवार में एक आश्रित को नौकरी तथा एक मुश्त 1 करोड़ रूपये की मदद जैसे की पंजाब में दी जाती हैं उसे पूरे भारत में लागू करने की मांग की, इसके अलावा अन्य सुविधाओं जैसे कैंटीन सेवा, मेडिकल सेवाए और विकलांग पेंशन को बढ़ाने की मांग की। हनी ने रक्षा मंत्री से टेरिटोरियल आर्मी में नियुक्ति हेतु उम्र की सीमा को बढ़ाने की मांग की, इंद्रमोहन सिंह हनी ने बताया कि रुटेरिटोरियल आर्मी में 18 वर्ष से 42 वर्ष तक ही नियुक्ति दी जाती है। उन्होंने रक्षा मंत्री से निवेदन किया कि इसकी समय अवधि को 42 वर्ष से बढ़कर 50 वर्ष किए जाने का आग्रह किया। जिससे की आम सिविलियन की भागीदारी सेना में और बढ़े और देशभक्ति की भावना बढ़े।

भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव उत्साह से मनाया

कोटा, (निसं)। शहर में सिंधी समाज के द्वारा भगवान झूलेलाल का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर सिंधी समाज के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रीकृष्ण मुरारी गौशाला समिति के अध्यक्ष सतीश गोपालानी और महामंत्री हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि विशाल शोभायात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर नगर के मुख्य बाजारों और मोहल्लों से होकर श्री सत्येश्वर महादेव मंदिर (बाराद्वारी) पर पहुंची जहाँ पर बहराणा ज्योति का पूज्य जलशय में विसर्जन किया गया तथा भव्य आतिशबाजी का आयोजन श्री सिंधी शिव मण्डल, कोटा की तरफ़ से की गई।

कोटा में सिंधी समाज के द्वारा भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

गुमानपुरा में इस विशाल जुलूस का स्वागत सिंधु सोशल सर्कल, सिंधु महिला सर्कल और सिंधु यूथ सर्कल और ग्लोरियस 50 की ओर से किया गया। सांस्कृतिक मंत्री जय कुमार चंचलानी ने बताया कि रंग भरो प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप शर्मा, विधायक, कोटा (दक्षिण) तथा अध्यक्षता विजय छाबड़ा मुख्य प्रबंधक (पंजाब नेशनल बैंक) रहे। कार्यक्रम का संचालन किशन रतनानी ने किया।समिति के उपाध्यक्ष और रक्तदान शिविर प्रभारी बसंत वलेचा ने बताया कि शिविर के दौरान महिलाओं और पुरुषों ने उत्साह से 102 यूनिट रक्तदान किया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश दयानी ने बताया कि शोभायात्रा में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर झाँकियां, मलखम्भ प्रस्तुति, छैज मंडलियां, आदि का आकर्षक प्रदर्शन रहा।

समिति के संरक्षक लधा राम ग्वालानी ने बताया कि आगामी कार्यक्रमों के तहत 31 मार्च को सुबह 9.00 बजे 41 बालकों (बटुकों) को जनेऊ धारण करवाकर भक्ति संग